TION AND CULTURE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI L. P. SHAHI): (a) to (d) The Government has decided to set up one Residential Polytechnic for women in the country in the current financial year for which proposals have been- received from eight States including Orissa. The proposals have been considered by a National Expert Committee set up for the purpose. The decision about the State in which the proposed Poltechnic may be located will be known after the recommendations of the Expert Committee have been processed.

सरकारी अस्पतालों में विकलांग प्रमाण-पत्र जारी किए जाने की विलम्बित प्रक्रिया

1494. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विकलांग व्यक्तियों की जांच करने वाले अस्पताल उन्हें आवश्यक प्रमाणपत्र जारी करने में 6 महीने से 1 वर्ष तक का समय लगा देते हैं और इस असाधारण विलम्ब के परिणामस्वरूप विकलांग व्यक्तियों को भविष्य में बहुत सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में विलम्ब के क्या कारण हैं ;

(ग) क्या सरकार उपर्युक्त भाग (क) में उल्लखित विलम्ब से उन्हें बचाने और इस प्रयोजनार्थ समय सीमा निर्धारित करने का विचार रखती है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और विकलांग व्यक्तियों को प्रमाण पत्र जारी किए जाने के लिए यदि कोई समय-सीमा विहित की गई है, तो वह क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी सरोज खापर्डे) : (क) से (घ) केन्द्रीय सरकार के अस्पतालों में शारीरिक विकलांगता प्रमाण-पत्र देने के लिए जिन अपंग व्यक्तियों को भेजा जा रहा है उनकी संख्या काफी अधिक है । चूंकि यह प्रमाणपत्र विकलांग व्यक्ति को सरकार से विभिन्न रियायतें/लाभ प्राप्त करने का हकदार बनाता है, इसलिए इसके लिए एक सुरक्षित तरीका अपनाया जाता है । विकलांग व्यक्ति को रेलवे रियायत, वाहन भत्ता, डी० टी० सी० पास इत्यादि भिन्न-भिन्न रियायतें लेने के लिए भिन्न-भिन्न तरह के प्रमाण-पत्र प्राप्त करने होते हैं । इससे कार्य दुहरा बढ़ जाता है । अस्पतालों में कार्य की अधिकता को देखते हुए सरकार के लिए यह प्रमाणपत्र जारी करने की दिशा में कोई समय निश्चित करना व्यवहारिक नहीं है । लेकिन सन् 1990 तक दिल्ली और उसके आस-पास 500–500 बिस्तरों वाले दो तथा 100–100 बिस्तरों वाले तीन अस्पताल खुल जाने से इस स्थिति में सुधार हो जायेगा ।

विकलांग व्यक्तियों से वसूल किया जाने वाला भाड़ा

1495. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विकलांग व्यक्तियों से रेलगाड़ी में सफर करते समय 25 प्रतिशत भाड़ा वसूल किया जाता है;

(ख) यदि हां, क्या यह भी सच है कि जो व्यक्ति उनकी मदद के लिए उनके साथ जाता है उससे भी 25 प्रतिशत भाड़ा वसूल किया जाता है ; और

(ग) क्या विकलांग व्यक्तियों को निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान करने के संबंध में कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री महाबीर प्रसाद) : (क) जी हां ।

(ख) जी, हां ।

(ग) जी, नहीं ।